**खबर संक्षेप**

### 15 साल पुरानी बसों के मालिकों को नोटिस जारी

**कटनी।** परिवहन विभाग ने 15 वर्ष से अधिक पुरानी यात्री बसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। कटनी जिले में पुरानी बसें चिन्हित की गई हैं, जिनके संचालकों को पंजीयन निरस्तीकरण के नोटिस जारी किए गए हैं।क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा की गई जांच में सामने आया कि जिले में संचालित कई यात्री बसें निर्धारित आयु सीमा पार कर चुकी हैं। नियमों के अनुसार 15 वर्ष से अधिक पुरानी बसों का संचालन यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन मानकों के अनुरूप नहीं माना जाता। परिवहन विभाग ने बस मालिकों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद संबंधित वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा और सड़क पर संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पुराने वाहनों में तकनीकी खराबी, ब्रेक फेल, प्रदूषण और दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। इसी कारण सरकार द्वारा पुराने यात्री वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने का अभियान चलाया जा रहा है।

### अलग अलग स्थानों से 14 हजार अवैध शराब जब्त

**कटनी।** आबकारी विभाग ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त की। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम के मार्गदर्शन में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में टीम ने ग्राम बड़ेरा, टिकरवारा, मोहन नगर, आईबीपी ढाबा एवं कैलवारा कलां बायपास रोड में कार्रवाई की।दबिश के दौरान 68 पाव देशी मदिरा मसाला, 40 पाव देशी मदिरा प्लेन, 17 बीयर केन तथा 8 पाव गोवा व्हिस्की जब्त की गई। जब्त मदिरा की कीमत 14 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत चार प्रकरण दर्ज किए गए।कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

### बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हंतला के पास बाइक क्रमांक MP21 MS 1714 के चालक सुशील कुमार बर्मन ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए रोशन कोल 30 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादस में रोशन कोल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1) BNS के तहत प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के चाका स्थित हनुमान मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ऑटो MP 21 ZH 4136 अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के वक्त ऑटो में एक ही परिवार के लोग सवार थे। इस घटना में सरोज बर्मन, सुनीता, नंदनी, सुषमा, सामनी, लक्ष्मी और चालक अभय बर्मन सहित कुल 7 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि चालक ऑटो को खतरनाक तरीके से चला रहा था।

## कृषि कार्य के लिये रजिस्टर्ड ट्रैक्टरों का जिले भर में हो रहा खुल्लम खुल्ला व्यावसायिक उपयोग

# सख्ती से हड़कंपः अवैध परिवहन पर 4 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

## वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा खनिज के अवैध दोहन व परिवहन पर की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नियम, प्रावधानो की सख्ती के बावजूद कृषि कार्य के लिये पंजीकृत ट्रैक्टरों का जिले भर में खुल्लमखुल्ला व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। ट्रैक्टर मालिक शासन को तगड़ी राजस्व चपत लगाते हुये मोटी कमाई के फेर में माफिया बन बैठे है। कभी कभार पकड़े जाने पर दो पांच हजार का जुर्माना भी मामूली समझ आता है।

### कप्तान के सख्त निर्देश

उल्लेखनीय है कि खेती की आड़ में खनन के खेल में ट्रैक्टरों का रजिस्ट्रेशन तो कृषि कार्य के लिये कराया जाता है लेकिन अधिकांश ट्रैक्टर से रेत का परिवहन किया जा रहा है। नदी घाटो से ट्रैक्टरों के माध्यम से ही रेत डंप कर लाई जा रही है। रेत का परिवहन करने में ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग बेरोकटोक हो रहा है। मौजूदा समय में पुलिस कप्तान की सख्ती के बाद जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस मुखबिरों को सक्रिय कर रेत के अवैध परिवहन में लिप्त ट्रेक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही की जा रही है।





### बड़वारा में 3 ट्रेक्टर ट्राली जब्त

बड़वारा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से रेत से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। शनिवार को पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण पर थी, इसी दौरान तीन स्थानों पर अवैध रेत परिवहन करते वाहन पकड़े गएग्राम विलायतखुर्द तिराहा पर बिना नंबर का लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर नीली ट्रॉली सहित पकड़ा गया। चालक राहुल बर्मन 22 वर्ष निवासी विलायतखुर्द पाया गया। विलायतखुर्द मेन रोड पर ट्रैक्टर क्रमांक MP 54 AA 4090 मय ट्रॉली सहित रेत परिवहन करते मिला। चालक चंदभान गौटिया 20 वर्ष निवासी विलायतकला था। लदहर घाट–देवरी मार्ग पर बिना नंबर का नीले रंग का ट्रैक्टर ट्रॉली सहित पकड़ा गया, जिसका चालक सुजीत सिंह ठाकुर 25 वर्ष निवासी लदहर था। तीनों चालकों से रेत परिवहन संबंधी रायल्टी एवं वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई भी चालक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया तथा प्रकरण में धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, उपनिरीक्षक विष्णुशंकर जायसवाल, सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र, प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक दीपक सिंह, रवि कुमार कोरी एवं सुरेन्द्र ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खितौली में भी हुई कार्रवाई

रेत के अवैध परिवहन पर खितौली चौकी पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से को सूचना मिली कि ग्राम उटीन टोला हदरहटा रोड पर अवैध रूप से रेत परिवहन किया जा रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो हरे रंग का जॉन डियर कंपनी का बिना नंबर का ट्रैक्टर तथा पीले रंग की ट्रॉली में रेत भरी मिली। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर गवाहों के समक्ष ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए वाहन को चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, प्रधान आरक्षक सीताराम वर्मा, आरक्षक अंकित बड़गैया, दिलीप कोल एवं आरक्षक आशीष पटेल की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं रेत परिवहन के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

गौरतलब है कि कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरों द्वारा कमर्षियल उपयोग किया जाता है, ट्रैक्टर मालिको को टैक्स भी नही देना पड़ रहा है। बिना कर्मिषयल परमिट के ही ट्रैक्टर का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। ट्रैक्टरो का पंजीयन भले ही खेती कार्य के लिये कराया गया है लेकिन उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक उपयोग में किया जा रहा है। ट्रको के माध्यम से आने वाली रेत, गिट्टी, मुरूम, सरिया का ट्रैक्टरों के माध्यम से शहर में परिवहन किया जाता है। ग्रामीण अंचलो में तो अधिकांश रेत खदानों से रेत का परिहवन ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जाता है। ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन कृषि कार्य के लिये कराये जाने के बाद उनका व्यावसायिक उपयोग किया जाता है।

# युवक की संदिग्ध मौत, चोट के निशान से हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना अंतर्गत प्रेम नगर क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को बारीकी से जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात प्रेम नगर स्थित काली मंदिर के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला था। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन की मदद से घायल युवक को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

अस्पताल प्रबंधन और पुलिस की कार्रवाई के बाद मृतक की शिनाख्त प्रदीप साहू 25 वर्ष के रूप में हुई है। प्रदीप बड़वारा थाना क्षेत्र के पहरीया गांव का निवासी था। युवक प्रेम नगर क्षेत्र में किन परिस्थितियों में पहुँचा और उसके साथ क्या घटना घटी, यह अभी जांच का विषय है। युवक के शरीर पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए पुलिस इसे हत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस घटनास्थल के समीप लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की तैयारी में है। परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके बयानों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

### चोरी की बिजली से घर हो रहे थे रोशन, विद्युत विभाग की दबिश से मचा हड़कंप

**स्लीमनाबाद।** - बिजली विभाग द्वारा मार्च की आडिट प्रक्रिया समाप्त होते ही विद्युत विभाग ने क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियो के निर्देश पर तेवरी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैय्याम ने लाईनमैनो के साथ ग्राम तेवरी, लखनवारा व बिचुआ मै रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के द्वारा आधा दर्जन से अधिक लोग बिना कनैक्शन के अवैध रूप से बिजली चोरी करते पकड़े गये। मौके पर धारा 138 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गईं इसके अलावा अन्य गावों मै भी चेकिंग की गईं। कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैय्याम ने बताया अचानक रात्रि अभियान से बिजली चोरी करने वालों मै हड़कंप मच गया है। उन्होंने बताया कि तेवरी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत समाधान योजना के तहत 3816 उपभोक्ताओ की 158 लाख रूपये की राशि मै 2216 उपभोक्ताओं से वसूली की जा चुकी है!शेष 1600 उपभोक्ताओ से राशि वसूलने हेतु शिविर लगाए जा रहे है। साथ ही राशि जमा न करने वाले ऐसे उपभोक्ता जिनका कनैक्शन काट दिए गये है उनके यहाँ भी रात्रि चेकिंग की जा रही है।

### महानदी की सफाई कर जल संरक्षण का दिया संदेश



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड ढीमरखेड़ा के दैगवां गांव में महानदी में साफ–सफाई कर पानी को स्वच्छ रखने एवं पानी बचाने का संदेश दिया गया। मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नदी नालों का पानी व्यर्थ नहीं बह जाये इसके लिए सभी से आग्रह किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि भूमि का जल स्तर बढे, इसके लिए जगह–जगह बारिश के पहले हमें बोरी बंधान, ट्रैंच, कंटूर, डेम एवं चैक डेम बनाकर पानी को रोका जा सकता है। यह भी बताया गया की जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य है अधिक से अधिक पानी बचाने का प्रयत्न करें ताकि गर्मी के दिनों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता हो सके। बहते पानी को रोककर भूमिगत जल स्तर तो बढ़ेगा साथ ही साथ मवेशियों को पशु पक्षी एवं जंगली जानवरों को गर्मियों के दिन पर पानी पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। सभी से इस अभियान में शामिल कर पानी बचाने का जरूर प्रयास करें। 'पानी है अनमोल', 'रतन ऐसे बचाने करे, जतन के साथ', 'जल ही जीवन है, जल नहीं तो कल नहीं' नारे के साथ सभी साथियों ने जल बचाने का संकल्प लिया।

# चोरी गया ट्रेक्टर किया गया बरामद, आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया वाहन बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल को ग्राम झिन्नापिपिरया निवासी रमेश पटेल 50 वर्ष ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल को अर्जुन सिंह निवासी अजमेर (राजस्थान) ट्रैक्टर-ट्रॉली को ग्राम खमतरा से बहोरीबंद ले जाने के बहाने लेकर गया था, लेकिन वाहन गंतव्य तक नहीं पहुंचा और आरोपी का मोबाइल फोन भी बंद हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने पिपरौंध-रैपुरा मोड़ क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से इंडो फार्म कंपनी का नीले रंग का ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई जा रही है, बरामद कर जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, सहायक उपनिरीक्षक संतोष विश्वकर्मा, आरक्षक पंकज सिंह एवं आरक्षक देवेंद्र अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही।

**एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही, चाकू एवं बाइक किया जब्त**

# चाकूबाजी के 3 आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस, दो को भेजा हवालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एन.के.जे. पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को न केवल चंद घंटों में गिरफ्तार किया, बल्कि उनका जुलूस निकालकर उनकी 'हेकड़ी' भी निकाल दी। घटना 16 अप्रैल की रात लगभग 4 बजे की है। जिला अस्पताल कटनी से पुलिस को सूचना मिली कि चाकूबाजी की घटना में घायल तीन युवक उपचार के लिए भर्ती हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुँची। पीड़ित लव उर्फ अभिषेक साहू ने बताया कि आरोपी आर्यन दुबे, अंकित चौधरी और विक्की यादव ने पुरानी रंजिश या विवाद के चलते मनोज साहू को गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में बीच-बचाव करने आए शिव पूजन साहू और लव साहू के साथ भी मारपीट की गई। घायल मनोज साहू की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के कड़े निर्देशों और डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एन.के.जे. थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने टीम गठित की। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों में आर्यन दुबे 19 वर्ष निवासी बड़ी खिरहनी, विक्की यादव 19 वर्ष निवासी छोटी खिरहनी एवं अंकित चौधरी 19 वर्ष निवासी बड़ी खिरहनी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं (296 बी, 109(1), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5)) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेशी के बाद आर्यन और अंकित को जेल भेज दिया गया है, जबकि विक्की यादव को पुलिस रिमांड पर लेकर अन्य तथ्यों की पूछताछ की जा रही है।

## भगवान परशुराम का धूमधाम से मनाया जायेगा जन्मोत्सव

# 5 शुभ योगों में मनेगी अक्षय तृतीया, अबूझ मुहूर्त में बजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

भगवान विष्णु के छठवे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव 20 अप्रेल को स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जायेगा। परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र थे। ऋषि जमदग्नि सप्त ऋषियों में से एक ऋषि थे।परशुराम जन्मोत्सव को लेकर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई है।



अक्षय तृतीया पर सोमवार को मंदिरों मैं रामचरित मानस पाठ ,पूजा_अर्चना ,शोभायात्रा के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। तहसील क्षेत्र के सिंहवाहिनी मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, श्रीराम कुटी, कोडिया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर,खिरहनी स्थित जगदीश धाम ,हरिदास ब्रजधाम कोहका मैं विविध कार्यक्रम होंगे ।वही घरों मैं भी जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

अक्षय तृतीया में होने वाली शादियों के लिए बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। अक्षय तृतीया पर शहनाई की गूंज सुनाई देगी।तेज धूप होने के बाबजूद भी लोग शादी विवाह की खरीददारी करने में जुटे रहे जिसमे आभूषण ,बर्तन,मोटर साइकिल शोरूम व कपड़ा दुकानों में भीड़ दिखी। अक्षय तृतीया के मुहूर्त में ग्रामीण अंचलों में गुड्डे गुडियों का विवाह रचाने की भी परंपरा है जो देखने को मिलेगी जिस कारण बाजारों में मटके,गुड्डे_गुड़ियों की भी बिक्री हुई। अक्षय तृतीया के चलते प्रजापति समाज के लोग गांव_गांव जाकर मटके,गुड्डे गुड़ियों की बिक्री की।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि अक्षय तृतीया वर्ष का अतिशुभ दिन माना गया है।इस दिन किसी भी कार्य को करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नही होती।सनातन धर्म में इस दिन को शुभ मुहूर्त मैं माना जाता है।अक्षय का अर्थ है जो कभी खत्म न हो।यह मुहूर्त मांगलिक कार्यों के लिए अतिशुभ माना गया है।जिस कारण शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर शादी समारोह की धूम रहेगी। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है , इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है।ग्रंथो के मुताबिक इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी।इसी दिन भगवान विष्णु ने नर और नारायण के रूप मै अवतार लिया था। इस दिन किया गया जप,तप, ज्ञान ,स्नान,दान आदि अक्षय होते है।इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है ।अक्षय तृतीया पर ही बद्रीनाथ धाम के पट खुलते है। इस बार अक्षय तृतीया मै गजकेसरी, त्रिपुष्कर, सर्वार्थ सिद्धि, शश और मालव्य राजयोग जैसे 5 बड़े योग बन रहे हैं, जो सुख-समृद्धि लाते हैं।अक्षय तृतीया मै भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और कुबेर जी की पूजा करें। इस दिन दान-पुण्य करने से उसका फल अनंत गुना मिलता है।

# मेगा ब्लॉक कार्य से थमे मेमू ट्रेनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल अंतर्गत कटनी 'ए' केबिन पर शनिवार को रेलवे ने पूर्व घोषित ब्लॉक लेकर अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। रेल प्रशासन द्वारा ट्रैक के आधुनिकीकरण और तकनीकी सुधार के लिए लिए गए इस ब्लॉक के कारण 18 अप्रैल को कटनी आने-जाने वाली स्थानीय मेमू ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। सुबह से ही इंजीनियरिंग और परिचालन विभाग की टीमें 'ए' केबिन क्षेत्र में तैनात हो गई हैं। भारी मशीनों और तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में मेंटेनेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर का काम युद्ध स्तर पर जारी है।



ब्लॉक के चलते कटनी मुख्य स्टेशन पर आने वाली कई ट्रेनों को बीच रास्ते (उमरिया, झलवारा, निवार और मैहर) में ही समाप्त कर दिया गया। उमरिया और मैहर जैसे स्टेशनों पर यात्रियों की अधिक हलचल देखी गई, क्योंकि बिलासपुर और सतना की ओर से आने वाली ट्रेनें इन्हीं स्टेशनों पर अपनी यात्रा समाप्त कर वहीं से वापस लौट गईं। निवार और झलवारा जैसे छोटे स्टेशनों पर भी ट्रेनों के शॉर्ट टर्मिनेशन के कारण यात्रियों को निजी वाहनों या बसों का सहारा लेना पड़ा। बीना की ओर से आने वाले यात्रियों के लिए राहत की बात यह रही कि बीना-कटनी मेमू को कटनी मुड़वारा तक संचालित किया गया, जिससे शहर के करीब आने वाले यात्रियों को ज्यादा असुविधा नहीं हुई। यात्री सूचना प्रणाली सक्रियस्टेशनों पर लगातार उद्घोषणा के जरिए यात्रियों को ट्रेनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होते ही रेल यातायात को पुनः बहाल कर दिया जाएगा।

यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम के जरिए अपनी ट्रेनों का सही समय देखकर ही निकलें।

## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय में पोषण वाटिका का आयोजन

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में मिशन लाईफ के अंतर्गत पोषण वाटिका (न्यूट्रिशन गार्डन) का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में तुलसी, मीठी नीम, पुदीना आदि औषधीय एवं पोषक पौधों को रोपा गया। पौधारोपण के दौरान कम्पोस्ट खाद का उपयोग किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और पोषण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, समिति प्रभारी डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, समिति सदस्य डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. अपर्णा मिश्रा, कुमारी शिल्पी सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, प्रो. के.जे. सिन्हा, प्रो. बंदना मिश्रा, डॉ. रंजना वर्मा, डॉ. अनिल द्विवेदी सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। यह गतिविधि छात्राओं में स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण एवं पोषण के महत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुई।

### 25 लोगों से वसूल किया गया 6600 रुपये जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर दो शिफ्ट के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है, वहीं सफाई नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी श्रृंखला में निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 6 हजार 600 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई।

### ईव्हींएम के जिलास्तरीय वेयर हाउस का निरीक्षण 30 अप्रैल को

**कटनी।** ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी के जिलास्तकरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण गुरूवार 30 अप्रैल को शाम 5 बजे किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बार मिश्रा ने जिले के मान्यंता प्राप्तय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के सामान्या निर्वाचन में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### भूमि प्रकट शारदा माता का प्राकट्य समारोह कल

**कटनी।** अक्षय तृतीया दिन सोमवार को श्री भूमि प्रगट शारदा माता का प्राकट्य समारोह मनाया जाएगा। 53 वां प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में 20 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मां का प्राकट्य उत्सव एवं उसके पश्चात भण्डारे का विशाल आयोजन होगा तथा उसी दिन रात्रि 8 बजे से विशाल देवी जागरण दीनभगत जबलपुर के द्ववारा प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के संचालन प्रसिद्ध अनाज व्यवसायी देशराज गुप्ता द्वारा किया जायेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बरगंडा स्थित यह मंदिर भक्ति की आस्था का प्रतीक बनता जा रहा है तथा मंदिर को सिद्ध पीठ के नाम से जाना जाता है। भूमि प्रकट मां शारदा महिला मण्डल के सभी श्रद्धालुओं से व भक्तजनों से माँ शारदा के प्राकट्य उत्सव में पधारने व प्रसाद ग्रहण करने अपील की है।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**कटनी।** इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जा रहा है। इसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, भू-अर्जन मामले, सेवा संबंधी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की व्यवहार न्यायाधीश मृणालिनी सिंह नेबताया कि कि जिन लोगो के मामले वर्षो से न्यायालय में चल रहे हैं, वे संबंधित न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से संपर्क कर अपने प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निराकरण करवा सकते है। साथ ही छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले का भी समझौते से निराकरण होगा।

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के कार्यों की तहसीलवार समीक्षा कर दिये निर्देश

# सालों से लंबित प्रकरणों को 10 दिन में करें निबटारा, अतिक्रमण हटाने करें कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा है कि राजस्व से जुड़े मामले सीधे आमजन के जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए राजस्व अधिकारियों की भूमिका केवल प्रशासनिक न होकर संवेदनशील और मानवीय भी होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें, ताकि आम नागरिकों को समय पर न्यायपूर्ण समाधान मिल सके। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को यह नसीहत शनिवार को उनके कार्यों की समीक्षा के दौरान दिया।

बैठक में अपर कलेक्टंर नीलाम्बर मिश्रा, संयुक्तल कलेक्टशर जितेंद्र पटेल, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्ट्र श्री प्रदीप मिश्रा, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वीकर्मा एवं जिला प्रबंधक ई- गवर्नेंस सौरभ नामदेव सहित भू-अभिलेख अधिकारियों की भी मौजूदगी रही।

कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्वि विभाग के कार्यों की प्रगशति की समीक्षा के दौरान तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे बैठक में पूरी तैयारी और अद्यतन जानकारी के साथ आना सुनिश्चिनत करें। साथ ही सी.एम हेल्पऔलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने अमृत सरोवरों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने और जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्ती करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। यदि अधिकारी इन मूल्यों के साथ कार्य करेंगे, तो न केवल आमजन का विश्वास मजबूत होगा, बल्कि शासन और जिला प्रशासन की सकारात्मक एवं भरोसेमंद छवि भी स्थापित होगी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने नामांतरण, सीमांकन, बटवारा प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टनर ने राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों में 2 से 5 वर्ष और 1 से 2 वर्ष से लंबित राजस्व मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लघु सिंचाई संगणना का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मा्न निधि के आवेदकों और हितग्राहियों के मामलों को निराकृत करने में गति लाने के निर्देश दिये और कहा कि राजस्वव अधिकारियों से इन मामलों के शत-प्रतिशत निराकरण होने के आशय का प्रमाण-पत्र भी जमा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने साइबर तहसील में पटवारी आईडी में लंबित आवदेनों के निराकरण के मामलें में कार्यवाही न किये जाने पर भू-अभिलेख की प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके अलावा राजस्वश वसूली, फार्मर आईडी आदि के कार्यों में भी तेजी लाने राजस्वत अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी राजस्वो अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समर्थन मूल्‍ पर गेंहू उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण व निगरानी करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए जरूरी सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। उपार्जन केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर इंटरनेट गुणवत्ता परीक्षण उपकरण एवं उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना और स्वच्छ पेयजल आदि की उपलब्ता सुनिश्चित होनी चाहिए।

# प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से हो रहा बोरवेल खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



ग्रीष्मकालीन समय चल रहा है। ग्रीष्मकालीन समय मैं पेयजल की समस्या न उतपन्न हो इसके लिए जिले के कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा गत दिनों जिले मे नवीन बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश किये थे।विशेष परिस्थिति में एसडीएम की अनुमति से बोरवेल खनन किया जा सकता है।लेकिन बहोरीबंद विकासखण्ड में इन दिनों धड़ल्ले से बोरवेल खनन चल रहा है जबकि पठार अंचल मैं पानी की समस्या गहराने लगी है।

कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर बोरवेल मशीन संचालक खनन कर रहे है।वही विकासखण्ड के जिम्मेदार अधिकारी भी कलेक्टर के आदेश का पालन करवाने रुचि नही दिखा रहे है।जिससे कलेक्टर का आदेश दिखावा बनकर रह गया।जिसकी जानकारी भी प्रशासनिक अधिकारियों को देने फोन लगाया जाता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी फोन तक रिसीव नही करते है। जिससे कही न कही जिम्मेदार अधिकारियों पर सवालिया निशान उठने लगे है।हैरत की बात तो यह कि बोरवेल मशीन संचालक दिन की वजह रात्रि मैं बोरवेल खनन कर रहे है।बोरवेल खनन पर रोक लग सके इसके लिए राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे रहे है।प्रशासनिक अधिकारियो की सह पर कलेक्टर का आदेश महज दिखावा बनकर रह गया है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि विकासखण्ड क्षेत्र मे यदि कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद बिना अनुमति के बोरवेल खनन हो रहा है तो यह नियम के विपरीत है।राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कही से भी बोरवेल खनन की शिकायते प्राप्त हो रही है तो तुरंत संज्ञान ले।फिर भी राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा हीलाहवाली की जा रही है तो संबधित अधिकारियों पर कारवाई की जाएगी।

*नगर निगम में गर्भवती मातृशक्ति सुपोषण अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

# 334 गर्भवती मातृ शक्तियों के देखभाल की ली जिम्मेदारी, पोषण किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




जिले को कुपोषण की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु विगत 3 वर्षों से सेवा भारती द्वारा कुपोषण उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नगर निगम कम्युनिटी हॉल कटनी में कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गर्भवती मातृशक्ति सुपोषण अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के अंतर्गत न केवल गर्भवती माताओं को सर्वे के उपरांत पोषण किट का वितरण किया अपितु सेवा भारती की मातृ शक्ति सदस्यों के द्वारा उनके देखभाल तथा शिक्षा की जवाबदारी भी ली गई और आगामी 3 महीने तक उनके स्वास्थ्य की चिंता के साथ-साथ उनके सुपोषण की व्यवस्था भी सेवा भारती के सदस्य करेंगे।

मुख्य अतिथि के रूप में राज्य बाल कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री आत्माराम दुबे, समाजसेवी विपिन तिवारी, डॉ अमित साहू मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान आत्माराम दुबे ने सेवा भारती का लक्ष्य उद्देश्य तथा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और मेघा पवार ने मातृशक्ति सुपोषण के संबंध में क्या आवश्यक वस्तुएं रहती है, जानकारी दी।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस तरह के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि शासन के अतिरिक्त भी सेवा भारती जैसी संस्थाएं आज समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है, जो निश्चित रूप से सराहनीय है। प्रत्येक कार्य में शासन के साथ यदि समाज जुड़ जाता है तो वह कार्य लक्ष्य को प्राप्त होता है। उन्होंने सेवा भारती जैसी ही अन्य संस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी।

मंच पर सेवा भारती के अध्यक्ष रवि नायक, महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रतिभा पांडे तथा सेवा भारती उपाध्यक्ष आरती सोनी भी मंचासीन रहीं। आभार प्रदर्शन पुनीत नगरिया, प्रीतेश बिलैया ने और मंच का संचालन अमित कनकने, वन श्री कुर्वेती ने किया। कार्यक्रम में संजय त्रिपाठी, अरुण सोनी तथा सेवा भारती के सम्माननीय सदस्यों तथा मातृशक्ति की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

### चेतनोदय तीर्थस्थल से निकली धर्म शोभायात्रा



समाधिस्थ आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य 108 समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्या 105 गुरूमति माताजी, श्रीमति 105 दृढ़मति माताजी का शास्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी में चर्तुमास होने के पश्चात झारखण्ड, बिहार,उत्तर प्रदेश तीर्थ क्षेत्रों की वंदना के पश्चात डी.पी.एस.स्कूल में अहारचर्या के बाद चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में रात्रि विश्राम के पश्चात दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा एवं विद्यासागर नवयुवक मण्डल के तत्वाधान धर्मशोभा यात्रा चेतनोदय तीर्थक्षेत्र से प्रारंभ होकर प्रात:गाटरघाट,आजाद चौक, शेर चौक, खेरमाई मढ़िया चौक से होते हुये झंडा बाजार स्थित बड़े जैन मंदिर में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई शोभायात्रा में आगे धर्मध्वज लिये अश्वारोही बैण्ड पार्टी,डी.जे.के बाद आर्यिका संघ के पीछे श्रावक श्राविकाऐं जय जयकार के नारे एवं भजन गाते चल रहे थे पंचायत अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि नगर में प्रथम बार एक साथ 34 आर्यिका माताओं को नगर आगमन हुआ है पंचायत उपाध्यक्ष सिंघई पंचम जैन ने सधर्मी बन्धुओं,माताओं बहनों से धर्मलाभ लेने की अपील की ।

# राज्य एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत 'डू एंड डोंट्स' (क्या करें और क्या न करें) की सूची जारी की है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में केवल काले डॉट पेन का ही उपयोग किया जाएगा। अनुक्रमांक, प्रश्न-पत्र सेट और उत्तर के गोलों को काले पेन से सावधानीपूर्वक पूरा भरना अनिवार्य है।परीक्षा कक्ष में पेंसिल, रबर (इरेज़र) और व्हाइटनर का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।यदि प्रश्न-पत्र सेट का गोला नहीं भरा जाता या गलत भरा जाता है, तो ओएमआर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।ओएमआर शीट पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश-पत्र में फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं, वेप्रवेश-पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना फोटो चिपकाकर उसे केंद्राध्यक्ष से प्रमाणित करवाएं।अपने साथ फोटो की एक अतिरिक्त प्रति लाएं, जिसके पीछे नाम, रोल नंबर और आवेदन क्रमांक लिखा हो।आवेदन जमा करने की रसीद साथ रखें और मांगे जाने पर वीक्षक को दिखाएं।

परीक्षा केंद्रों पर इस बार नवीन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। केंद्रों पर सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक, फ्रिस्किंग और वीओआईपी की व्यवस्था रहेगी।परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है।अभ्यर्थी अपनी निर्धारित सीट पर ही बैठें।परीक्षा समाप्ति के बाद ओएमआर शीट वीक्षक को सौंपकर उनकी अनुमति के बाद ही कक्ष छोड़ें।

आयोग ने परीक्षा कक्ष में कई सामान्य वस्तुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढंककर (मास्क या स्कार्फ से) प्रवेश नहीं मिलेगा। मोबाइल, पेजर, कैलकुलेटर या कोई भी संचार उपकरण प्रतिबंधित है।बेल्ट, पर्स/वॉलेट, धूप के चश्मे, टोपी, घड़ी, मैटेलिक या चमड़े के बैंड और बालों के क्लचर/बक्कल पूरी तरह वर्जित हैं।सिर, नाक, गला, हाथ-पैर और कमर में पहने जाने वाले आभूषणों के साथ-साथ हाथ में बंधे धागे, कलावा, रक्षा-सूत्र या ताबीज की सूक्ष्मता से तलाशी ली जाएगी।

*जिले में बाल विवाह न होने पाये, रखी जाएगी विशेष निगरानी*

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए कोर ग्रुप का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में अनुविभागीय और तहसील स्तर पर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति व कोर ग्रुप का गठन किया है। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम की अध्यएक्तो में पांच सदस्यीतय कोर ग्रुप अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खंड चिकित्साअ अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी की सदस्यता में गठित किया गया है। खण्ड स्तर पर विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों का द्वारा बाल विवाह में अपनी सेवाऐं न देने की अपील की जाएगी।

समिति उन संवेदनशील क्षेत्रो का चिंहाकन करेगी जहां बाल विवाह के आयोजन की संभावना है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों की सूची समिति द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को अनिवार्य रूप से सौंपेगी। साथ ही बाल विवाह के रोकथाम हेतु विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम चिन्हित ग्रामों में विशेष रूप से आयोजित किये जायेंगे तथा इन ग्रामों में बाल विवाह न होने पाये इस हेतु विशेष निगरानी रखी जाएगी।

समिति ऐसे संवेदनशील ग्रामों में बाल विवाह के रोकथाम के लिये प्रचार-प्रसार एवं सूचना तंत्र के रूप में ग्राम स्तरीय समिति का गठन करेगी। जिसमे ग्राम सरपंच, पंच, बीडीएस, ग्राम शिक्षक, ग्राम कोटवार, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता आदि को शामिल करने के निर्देश कलेक्टरर ने दिये है। ग्राम स्तरीय समितियां जहां बाल विवाह को रोकने प्रचार-प्रसार में सहायक होगी। वहीं ग्राम में बाल विवाह के आयोजन की पूर्व तैयारियों पर नजर रखते हुए इसकी सूचना समय पूर्व अनुभाग, तहसील स्तरीय समिति, थाना प्रभारी अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों को देते हुए ऐसे आयोजनों को रोकने का प्रयास करेगी। अनुभाग तहसील स्तरीय समिति इन ग्राम स्तरीय समितियों का कार्य दायित्व सुनिश्चित करेंगी। समिति चिन्होंकित क्षेत्रों में बाल विवाह के रोकथाम हेतु विभिन्न जनजागरण कार्यक्रमों के आयोजनों को सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रमों का अनुश्रवण करेगी तथा साथ ही तहसील एवं विकासखण्ड स्तर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु पृथक से सेल स्थापित करेगी। जिसके प्रभारी अधिकारी का नाम एवं दूरभाष क्रमांक ग्राम स्तरीय समितियों तथा अन्य जिम्मेदार लोगों को उपलब्ध करायेगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अनुभाग स्तर पर उड़नदस्ता का गठन करेगें एंव बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर उड़नदस्ता द्वारा नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### विभिन्न गतिविधियों से पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया जागरूक

# कार्यशाला में बताया स्वच्छता का महत्व, उपकरणों के उपयोग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर की समुचित सफाई व्यवस्था के साथ साथ शहर भर में जागरूकता अभियान को गति प्रदान की गई है। जिसके तहत विभिन्न वार्डों में प्रशिक्षण, जनसंवाद एवं नवाचार आधारित गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति सजग किया जा रहा है।

निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान प्रीति संजीव सूरी, मनीष पाठक के मार्गदर्शन एवं नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देशन में सतत रूप से संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों एवं आमजनों में स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन लाना है।

#### विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला

नोडल अधिकारी आदेश जैन ने बताया कि इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 4, इंदिरा गांधी वार्ड स्थित प्रियदर्शिनी बस स्टैंड शौचालय परिसर में शौचालय परिचारकों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, कीटाणु शोधन (डिसइन्फेक्शन), जल प्रबंधन एवं उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों के उपयोग एवं जिम्मेदारी पूर्वक कार्य निष्पादन पर भी जोर दिया गया।

नगर निगम की सहयोगी संस्था विज़न टीम द्वारा शनिवार को विभिन्न वार्डों में घर-घर संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान नागरिकों को कचरा पृथक्करण के लिए गीले एवं सूखे कचरे हेतु दो डस्टबिन के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रमुख मानकों में शामिल स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

निगम प्रशासन द्वारा नगर के शैक्षणिक संस्थानों को भी इस अभियान से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है। जिसके तहत वार्ड क्रमांक 43 स्थित लाइम सिटी इंटरनेशनल स्कूल एवं वार्ड क्रमांक 8 के संस्कार भारती स्कूल में विद्यार्थियों के मध्य ईको ब्रिक्स विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग, ईको ब्रिक्स निर्माण की विधि एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका को समझाया गया, जिससे बच्चों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

इसके अतिरिक्त स्वच्छता चौपालों के माध्यम से आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने, कचरा न फैलाने तथा शहर को सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन का मानना है कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की सहभागिता अनिवार्य है। यही कारण है कि जागरूकता, प्रशिक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से कटनी को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श शहर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### तीन दिन से नलों में पानी नही आने के लोग परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी में सिहोरा रोड का बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण सिलौंडी के वार्ड 2,3,4 ,9,8,18,11,7 में पानी की बहुत बहुत अधिक दिक्कत हो रही है । गर्मी में शादी विवाह के अवसर पानी की किल्लत होने से लोग बहुत परेशान है । टंकी लाइन में पिछले 15 दिनों से नल सिर्फ 4 या 5 दिन चले होगे। ग्राम के लोग ने जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर नल जल सप्लाई चालू कराने की मांग किया है ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भगनवारा

जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ 01/जी.पी./2026 भगनवारा दिनांक -17/04/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 18.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधि के लिए, कार्यालय ग्राम पंचायत भगनवारा, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु पात्र विक्रेताओं/ सप्लायरों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रमांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1 | निर्माण कार्य - सी0सी0 रोड निर्माण, नाली निर्माण, भवन निर्माण, तार फेसिंग कार्य, फेरी फेरल बंड निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु |
| 2 | निर्माण सामग्री - रेता, लोहा, सीमेंट, गिट्टी, ईंट, मुरूम, टाईल्स, मार्बल, पाइप, बोल्डर, चीप दासा, एवं अन्य भवन निर्माण सामग्री |
| 3 | फर्नीचर - |
| 4 | इलेक्ट्रानिक सामग्री - कम्प्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप एवं अन्य सामग्री |
| (4) | स्टेशनरी सामग्री |

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सचिव, ग्राम पंचायत भगनवारा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

(श्रीमति मुन्नी बाई असाटी - सरपंच) (अजीत राय - सचिव )

## खबर संक्षेप

### भूसोर गेट तोडने के मामले में दर्ज कराई रिपोर्ट

छतरपुर। केन बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों द्वारा ढोडन बांध पर प्रदर्शन किया जा रहा था। इन प्रदर्शनकारियों से मिलने और उनकी समस्याओं को जानने के लिए यूथ कांग्रेस का एक दल जाना चाह रहा था। लेकिन वन विभाग द्वारा उन्हें रोक दिया गया और रोकने पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ का वन विभाग के कर्मचारियों से विवाद हो गया। जबरन घुसने के लिए यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भूसोर गेट को तोड़ दिया और वन कर्मचारियों के साथ अभ्रदता की जिस पर चंद्रनगर के वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बमीठा थाने में मामला दर्ज कराया गया। बमीठा थाना पुलिस ने वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रनगर की रिपोर्ट पर यूथ कांग्रेस प्रदेशउपाध्यक्ष सहित 50 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बमीठा थाने मे भूसोर गेट पर डयूटी पर तैनात कर्मचारियों के कार्य मे बाधा डालना शासकीय सम्पतिं को नूकसान पहुंचाने के मामले मे धारा 223, 132, 191(2)190 बीएनएस 3 (1) लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। यह मामला राजेन्द्र कुमार सोलंकी वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रनगर पन्ना टाईगर रिजर्व के द्वारा दिए गए आवेदन पर दर्ज किया गया। इस मामले में यूथ कांग्रेस के प्रदेशउपाध्यक्ष अभिषेक परमार और निधि चतुर्वेदी कांग्रेस नेत्री भी शामिल है। वहीं इस मामले में वहीं इस मामले में बमीठा टीआई बाल्मीक चौबे ने बताया कि जिन लोगों पर मामला दर्ज हुआ है उनमें से 25 लोगों की पहचान कर ली गई है और अब सभी की गिरफ्तारी होगी।

### गढ़ी मलहरा में एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी

छतरपुर। जिले के गढ़ी मलहरा कस्बे में शनिवार रात चोरों के हौसले बुलंद नजर आए, जहां दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आईं। पहली घटना जूनियर हाई स्कूल में हुई, जहां चोरों ने रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और खाद्य सामग्री चोरी कर ली। रसोईया सुनीता चौरसिया के अनुसार चोर रसोई का पूरा सामान समेट ले गए। दूसरी घटना में चोर विनोद पचौरी के मकान में घुसा, लेकिन आहट मिलने पर आसपास के लोग जाग गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और मोहल्ले के लोगों की मदद से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान विकास चौरसिया पिता ज्ञानचंद चौरसिया के रूप में हुई, जो पड़ोस का ही निवासी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एक चोरी की घटना थाना प्रभारी के निवास के ठीक बगल में हुई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में आगम जैन ने थाने का निरीक्षण कर सुरक्षा को लेकर जनसंवाद किया था। इसके बावजूद लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

### महिला ने जहर खाया



छतरपुर। जिला अस्पताल में शनिवार को एक महिला की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बारीगढ़ थाना क्षेत्र के जुझारनगर गांव निवासी 56 वर्षीय संपत अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गांव में बटाई के खेत पर काम करते समय उनका मोबाइल फोन गुम हो गया था। मोबाइल गुम होने को लेकर पास के खेत मालिकों से विवाद हो गया। इस विवाद के बाद महिला मानसिक रूप से काफी परेशान थीं। परिजनों ने बताया कि 11 अप्रैल को उन्हें सूचना मिली कि संपत अहिरवार ने जहर खा लिया है। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।नाती राहुल अहिरवार ने बताया कि दादी मोबाइल गुम होने और उसके बाद हुए विवाद से बहुत परेशान थीं। बाद में मोबाइल मिल जाने की भी जानकारी सामने आई, लेकिन तब तक महिला जहर खा चुकी थीं। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## गर्मी से बेहाल लोग, लेकिन शादी सीजन ने बाजारों में भरी रौनक

# अक्षय तृतीया से पहले बाजारों में खरीदारी का जोर, बसों में बढ़ी भीड

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



भीषण गर्मी के बीच नगर में इन दिनों शादी-विवाह का सीजन पूरे जोर पर है। तापमान लगातार बढ़ने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग गर्मी से बेहाल नजर आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद बाजारों में रौनक कम नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए तेंदूखेड़ा पहुंच रहे हैं, जिससे नगर के प्रमुख बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गर्मी से बचने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोग सुबह से ही बाजारों में पहुंच जाते हैं और दोपहर 12 बजे से पहले कपड़ा दुकानों, चाय की दुकानों और आभूषण की दुकानों में बैठकर खरीदारी करते हैं। इसके बाद करीब चार से पांच घंटे तक लोग दुकानों के अंदर ही समय बिताते हैं और शाम को तापमान कम होने पर बाहर निकलते हैं। इस दौरान दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है, जबकि शाम होते ही बाजारों में फिर से चहल-पहल बढ़ जाती है। शादी-विवाह के चलते बसों में भी इन दिनों भारी भीड़ देखी जा रही है। यात्रियों की संख्या बढ़ने से परिवहन व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। बस स्टैंड पर भी दिनभर अच्छी-खासी भीड़ बनी रहती है। कई बसें क्षमता से अधिक भरी हुई चल रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कपड़ा बाजार, ज्वेलरी दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। खासतौर पर दहेज से जुड़े सामान जैसे कपड़े, बर्तन, फर्नीचर और स्वर्ण आभूषणों की बिक्री में तेजी आई है। दुकानदारों के अनुसार इस समय बिक्री अपने चरम पर है और ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त स्टॉक मंगवाया जा रहा है। टेंट हाउस और विवाह से जुड़े अन्य व्यवसायों में भी खासा व्यस्तता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, टेंट हाउस संचालकों की बुकिंग दो माह पहले से ही फुल चल रही है। आगामी 20 तारीख को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विवाह के लिए विशेष शुभ मुहूर्त है, जिस दिन बड़ी संख्या में विवाह संपन्न होने की संभावना है। कुल मिलाकर, भीषण गर्मी के बावजूद तेंदूखेड़ा में शादी-विवाह के सीजन ने आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान की है और बाजारों में लगातार रौनक बनी हुई है।

## पुलिस थाना में मेधावी छात्राओं को थाना प्रभारी ने किया सम्मानित

# बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा करते हैं तय- थाना प्रभारी बेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि इस वर्ष हटा में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष से बेहतर रहा है। शिक्षा से बड़ा धन कुछ नही होता है, एक शिक्षित व्यक्ति पूरे समाज को शिक्षित करने की क्षमता रखता है। उक्त आशय के विचार थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पुलिस थाना में आयोजित मेधावी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है, जिसके परिणाम ही उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि छात्र अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लें और उसी के अनुरूप तैयारी प्रारंभ करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। छात्र चिंता मुक्त रहकर अपने आगे की शिक्षा ग्रहण करें तथा कैरियर बनाएं। छात्र जिस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते है वे अपनी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने का कोई विकल्प नही होता है। आप सभी में भरपूर प्रतिभाएं है। उन प्रतिभाओं का उपयोग जीवन को संवारनें एवं बेहतर बनाने के लिए करें ।थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी के द्वारा 10 वी एवं 12 वी कक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का किया सम्मान,मॉडल स्कूल की छात्रा प्रिंसी पिता नरेंद्र राय निवासी पांजी जिन्हें 96.4 प्रतिशत मैथ सबजेक्ट से हासिल किए हैं,अनुष्का पिता अनिल प्यासी 10 वी सीएम राइज हटा की छात्रा 91 प्रतिशत,मानसी पिता ज्वाला राय निवासी पांजी कन्या हाईस्कूल 92.2 प्रतिशत एवं मान्या पिता विपुल नामदेव 91 प्रतिशत एव मैथ विषय में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर हटा का नाम रोशन किया है। सभी छात्राओं एवं उनके अभिवावकों को थाने बुलाकर सम्मानित किया गया है। थाना प्रभारी ने पुलिस परिवार की ओर से उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## बाबा साहेब की जयंती मनाई



पटेरा। भारत रत्न संविधान शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। चल समारोह निकाला गया जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार ने अपने साथियों के साथ स्वागत कर फल वितरित किये।

## अहिरवार समाज को मिलेगा सामुदायिक भवन



तेंदूखेड़ा। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के अवसर पर गुरुवार को नगर में अहिरवार समाज संघ, ब्लॉक के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल थाने के पास पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः प्रतिमा स्थल पहुंची। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री लोधी ने बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर देश को संविधान प्रदान किया, जो सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। उन्होंने समाज से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने अहिरवार समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर छतरी एवं रेलिंग का निर्माण कराया जाए, जिससे स्थल का सौंदर्यीकरण और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री दशरथ सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद्र, मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, सांसद प्रतिनिधि मूरत से लोधी, जिला मंत्री विनीता सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति में कंधीलाल माते (संरक्षक), मनोज अहिरवार, जगदीश अहिरवार, बबलू अहिरवार, गोविंद अहिरवार, शंकर अहिरवार, रज्जू अहिरवार, राजेंद्र अहिरवार, बलीराम अहिरवार (सरपंच), बहादुर अहिरवार (बीडीसी) सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं युवा-युवतियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# झलौन में कक्षा 10 एवं 12वीं में छात्राओं ने बाजी मारी

झलौन। झलौन मै शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर सफलता हासिल की कक्षा 10वीं परिणाम टॉप-10 छात्र-छात्राएँ में कृष्णकांत कुर्मी ने 471/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोहित कुर्मी ने 467/500 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इरम फातिमा खान ने 457/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त ऋषभ यादव एवं प्रथम जैन ने 452/500 अंक, लकी तिवारी ने 428/500 अंक, जानवी पटैल ने 427/500 अंक, जगदीश गौड़ ने 424/500 अंक, आयुष साहू ने 421/500 अंक तथा गुडिया जैन ने 420/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा 12वीं परिणाम (75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएँ):विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में चांदनी लोधी ने 461 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांश चौराहा ने 445 अंक, अरवाज खान ने 434 अंक, अर्चना यादव ने 418 अंक, पल्लवी जैन ने 399 अंक, प्रिंस जैन ने 395 अंक, नरेश यादव ने 377 अंक तथा ज्योति साहू ने 376 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार को इन उपलब्धियों पर गर्व है।

# वैष्णवी प्रजापति ने हायर सकेंडरी परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



शिक्षा के आकाश में एक और उज्ज्वल सितारा दमक उठा है। नगर की पीएम श्री एमएलबी विद्यालय की होनहार छात्रा वैष्णवी प्रजापति ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 500 अंको में से 668 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि लगन, परिश्रम और संस्कारों का संगम जब एक साथ होता है, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमती है। मेहनत और अनुशासन से पाया मुकाम गौरीशंकर मंदिर के समीप रहने वाली सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य शिक्षक घनश्याम प्रजापति की बेटी एवं नवीन हाई सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक रमेश प्रजापति की भतीजी जो नगर के पीएम श्री एमएलबी विद्यालय की छात्रा है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर घर और प्रजापति समाज में जश्न का माहौल है। प्रजापति समाज के अध्यक्ष पत्रकार घनश्याम प्रजापति छात्र की उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। वैष्णवी के चाचा शिक्षक रमेश प्रजापति ने बेटी की इस कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वैष्णवी ने हमेशा से ही अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दी और यह उसकी निरंतर मेहनत का ही मीठा फल है। वह पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि अन्य गतिविधियों में भी हमेशा अव्वल रही हैं।

# टीबी जागरूकता गतिविधियों के तहत, खांसी केंद्रित टीबी चौपाल एवं टीबी स्क्रीनिंग

दमोह। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के अठया के निर्देश पर जबेरा विकासखंड में टीबी मुक्त भारत अभियान 2026 के तहत जिला क्षय इकाई दमोह ने खांसी केन्द्रित टी.बी. चौपाल एवं स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये गये। ग्रामीणजनों को बताया गया कि टी.बी. का उपचार पूरी तरह संभव है। यह उपचार सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। मरीजों को नियमित दवा लेने एवं उपचार बीच में न छोड़ने की सलाह दी गई। जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में जबेरा के ग्राम पंचायत घाना मैली में खांसी केन्द्रित टी.बी. चौपाल आयोजित की गई। इस अवसर पर सरपंच श्रीमति गुड्डी बाई, पिरामल हेल्थ डी.सी. लॉरेंस रायबोले विशेष रूप से मौजूद रहे। चौपाल दौरान जिला टी.बी. समन्वयक दीपक राजपूत ने बताया कि टी.बी. में खांसी, सामान्य खांसी से अलग होती है। यह लंबे समय तक बनी रहती है। धीरे-धीरे बढ़ती है और कई बार बलगम के साथ आती है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि खांसी आने पर मुह ढंककर रखें। खुले में थूकने से बचें एवं स्वच्छता बनाये रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम दौरान आधुनिक हैण्ड-होल्ड एक्स-रे मशीन से 47 उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग दौरान संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों में से 13 लोगों के स्पूटम सेम्पल "नॉट" जॉच हेतु एकत्रित किए गए। इस दौरान सीएचओ विकास सिंह मौजूद रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोहटा में टी.बी. की जोखिम वाले 53 लोगों की आधुनिक हैण्ड-होल्ड एक्स-रे मशीन से टी.बी. स्क्रीनिंग की गई व टी.बी. संदिग्ध 13 व्यक्तियों के स्पूटम सैम्पल लिए गये। इस दौरान मेडिकल ऑफीसर अभिषेक मोदी विशेष रूप से मौजूद रहे। इसी तरह आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरदुआ सड़क में 38 लोगों की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई व 18 लोगों के सेम्पल जॉच हेतु एकत्रित किए गए। सीएचओ पूजा अठया मौजूद रहीं। टी.बी. के सामान्य लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, बलगम में खून आना, बुखार, वजन में कमी, भूख न लगना या रात में पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें, तो यह टी.बी. के संकेत हो सकते है। कार्यक्रम दौरान डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, एस.टी.एस. देवेन्द्र अहिरवार, हैंड होल्ड एक्स-रे सहयोगी मानक लाल रैकवार, हेमंत यादव जिला स्तरीय टीम में शामिल रहे।



# जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों संग बांटी खुशियां



बनवार। जहां आजकल जन्मदिन पार्टियों में दिखावे और खर्च का दौर बढ़ता जा रहा है, वहीं ग्राम सगरा के महज 2 वर्षीय मानस जैन ने अपने जन्मदिन को सेवा और संवेदनशीलता का संदेश देकर खास बना दिया। 17 अप्रैल को मानस जैन, पिता प्रदीप जैन निराला ने अपना दूसरा जन्मदिन जरूरतमंद और दिव्यांग बच्चों के बीच मनाकर एक मिसाल पेश की। परिजनों ने पारंपरिक केक-कटिंग और भव्य आयोजन से हटकर इस दिन को समाजसेवा को समर्पित किया। मानस के परिवार ने आंचल विकलांग पुनर्वास केंद्र, जबलपुर पहुंचकर वहां के बच्चों को स्वल्पाहार, टॉफियां और पुस्तकें वितरित कीं। नन्हे मानस ने अपने छोटे-छोटे हाथों से बच्चों को सामग्री बांटी, जिससे वहां मौजूद हर चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। इतना ही नहीं, मानस ने विक्टोरिया हॉस्पिटल के बच्चा वार्ड में भी पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया और वहां भर्ती बच्चों के बीच खुशियां बांटीं। इस भावनात्मक पहल ने सभी को भावुक कर दिया। मानस के दादा जयकुमार जैन ने बताया कि उनका उद्देश्य बच्चे को शुरुआत से ही सेवा और संवेदना के संस्कार देना है। उन्होंने कहा कि "बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है।" इस अवसर पर मुक्ति फाउंडेशन की नीलू जैन भी मौजूद रहीं। उन्होंने जैन परिवार की इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि आज के दौर में इस तरह का उदाहरण समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। कार्यक्रम में पुनर्वास केंद्र के स्टाफ और बच्चे शामिल हुए। सभी ने मानस को आशीर्वाद देते हुए परिवार के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

## सिद्ध धाम झिरिया में श्रमदान कर चलाया गया स्वच्छता अभियान



दमोह। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मडियादो सेक्टर की ग्राम पंचायत अमझिर में स्थित सिद्ध धाम झिरिया पर सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लखनलाल सेवा समिति (नवांकुर संस्था) के तत्वावधान में संपन्न हुआ। बैठक में अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा जल संरक्षण के महत्व पर जल संवाद आयोजित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा श्रमदान कर झिरिया परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से जुड़े जिला स्तरीय प्रतिनिधि, विकासखंड समन्वयक एवं सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

# चोरों ने मंडप के दिन घर को बनाया निशाना



छतरपुर।

थाना ओरछा रोड क्षेत्र के ग्राम कैड़ी में शनिवार रात चोरों ने एक परिवार का मंडप वाले दिन घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना से पूरे परिवार में मायूसी छा गई क्योंकि आज ही उनके घर में लड़के का मंडप कार्यक्रम होने वाला था। पीड़ित लल्जू श्रीवास (पिता छन्नू श्रीवास) ने बताया कि रात दो से तीन बजे के बीच जब पूरे परिवार के लोग सो रहे थे, उसी समय चोर मकान के पीछे वाले रास्ते से आए और पक्के मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने घर से जेवरात और नकदी की चोरी की, जिसकी कुल कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है।

# मुख्य न्यायाधीश ने किया बक्सवाहा सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण



छतरपुर।

मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश संजीव सचदेवा ने पोर्टपोलियो जज विवेक जैन के साथ बक्सवाहा तहसील के नवनिर्मित भवन का वर्चुयल लोकार्पण का क्षेत्रवासियों का सस्ते और सुलभ न्याय मंदिर की सौगात दी।माननीय मुख्य न्याधीपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर माननीय संजीव सचदेवा वचुर्वल तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर श्री रविन्द्र सिंह द्वारा रस्सी खीचकर लोकापर्ण किया गया। इस अवसर पर छतरपुर जिले के सभी विद्वान न्यायाधीशगण सहित बार के पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंच से बक्सवाहा जज अभिषेक दीक्षित और रजिस्टार अरविंद गुर्जर(मजिस्ट्रेट) ट्रांसफर होने पर भावभीनी बिदाई दी गई। सर्वप्रथम मुख्य न्यायाधीश ने नवीन भवन को लोकार्पण कर आधुनिक सिविल कोर्ट बिल्डिंग में मौजूद आधुनिक संस्थानों के बारे प्रकाश डाला।इस अवसर प्रधान कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश देवलिया ने अधिवक्तगणों को शांति के प्रतीक स्मृतिचिन्ह कलम भेट किए। छतरपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिवप्रताप ने भवन की भूरी भूरी प्रशंसाकर सदैव साथी अधिवक्ताओं के हितों के साथ खड़े रहते की बात की।

### रुक्मणी माता मंदिर में मेला आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 10 लाख रूपये का अनुदान संस्कृति विभाग द्वारा दिया जायेगा- संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह

# इतिहास केवल प्रमाणों से नहीं, बल्कि कथाओं, शास्त्रों और परंपराओं से भी समझा जाता है, जो समाज को दिशा देते हैं- मंत्री प्रहलाद पटेल

**क्षेत्र में एक आधुनिक गौशाला स्थापित की जाए, जहां देश की विभिन्न नस्लों की गायों का संरक्षण और संवर्धन किया जा सके- पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल**

**कुंडलपुर स्थित रुक्मणी माता परिसर में 04 करोड़ 70 लाख रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




इतिहास केवल प्रमाणों से नहीं, बल्कि लोककथाओं, शास्त्रों और परंपराओं से भी समझा जाता है, जो समाज को दिशा देते हैं। कुण्डलपुर में स्थित रुक्मणी मठ और "बड़े बाबा" मंदिर स्थल सदियों पुरानी आस्था के प्रतीक हैं। इन स्थलों की दिव्यता, भव्यता और स्वच्छता बनाए रखना हमारा सामूहिक कर्तव्य है, इस आशय के विचार प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कुंडलपुर स्थित रुक्मणी माता परिसर के विकास कार्यो के लोकार्पण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर तहसील पटेरा के मेरिट में आने वाले प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का सम्मान किया गया।

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा, जिस मूर्ति को लेकर विवाद था, उसकी पहचान को लेकर स्पष्टता नहीं थी यहाँ तक कि स्वयं उन्होंने भी उसे पहले कभी नहीं देखा था। विभिन्न लोगों द्वारा प्रस्तुत चित्र भी गलत पाए गए, जिससे भ्रम और बढ़ा। इसके बावजूद, यह स्पष्ट किया गया कि जो मूर्ति चोरी हुई थी और बाद में ज़ब्त की गई, उसे ही वापस लाना प्राथमिकता होनी चाहिए, न कि उसकी पहचान को लेकर अनावश्यक विवाद करना। इसी दृष्टिकोण के चलते मूर्ति की वापसी का रास्ता प्रशस्त हुआ। उन्होने इस पहल का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को दिया, जिनके कार्यकाल में एक महत्वपूर्ण नीति बदलाव किया गया। इस नई नीति के तहत यह सुनिश्चित किया गया कि चोरी हुई मूर्तियों को उसी स्थान पर वापस स्थापित किया जाए, जहाँ से वे चोरी हुई थीं। यह पहल न केवल सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि देश की ऐतिहासिक पहचान को मजबूत करने का भी प्रयास है।





संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने दमोह जिले में रुक्मणी माता मंदिर परिसर के नवनिर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग ₹4.70 करोड़ की लागत से तैयार हुआ यह परिसर क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देगा। उन्होंने कहा पिछली यात्रा की तुलना में अब मंदिर परिसर का स्वरूप काफी आकर्षक हो गया है, विशेष रूप से तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल की सराहना करते हुए कहा, उनके प्रयासों से रुक्मणी माता की चोरी हुई मूर्ति की वापसी और पुनर्स्थापन संभव हो पाया, जो बुंदेलखंड के गौरव की पुनर्स्थापना है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने यह आश्वासन दिया कि सड़क पार स्थित रुक्मणी मठ, जो राज्य पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आता है, उसके विकास के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा, क्षेत्र में धार्मिक मेले के आयोजन को बढ़ावा देने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा मेला प्राधिकरण के माध्यम से ऐसे आयोजनों के लिए ₹10 लाख तक का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा, बशर्ते स्थानीय समिति बनाकर आयोजन को सुव्यवस्थित किया जाए।

पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन इतिहास में दर्ज होने योग्य है। उन्होंने कहा वर्षों पहले यह क्षेत्र काफी पिछड़ा था, लेकिन अब यहां का दृश्य पूरी तरह बदल चुका है, उन्होने इस बदलाव का श्रेय पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा प्रदान की गई 4 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि को दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन के लिए 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी और भविष्य में अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्यक्रम में उन्होंने सुझाव दिया कि क्षेत्र में एक आधुनिक गौशाला स्थापित की जाए, जहां देश की विभिन्न नस्लों की गायों का संरक्षण और संवर्धन किया जा सके। इससे पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को लाभ होगा। साथ ही, उन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके परिवारों का उत्साहवर्धन भी किया।

मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने उपस्थित जनसमूह और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी क्षेत्र में विकास का कार्य आधा ही पूरा हुआ है और शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपील की कि धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने विशेष रूप से रुक्मणि मठ क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा बहुत ही शानदार स्थान बना इसके लिए मैं मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा, उन्होंने इस तरीके से माता रुक्मणी देवी के मंदिर के प्रांगण का जिस तरीके से उन्नयन कराया है, वो बधाई के पात्र हैं। विधायक श्री मलैया ने कहा आज जो घोषणाएं हुई हैं निश्चित तौर से आने वाले समय में ये और भी बहुत बेहतर स्थान हो जाएगा और यहां पर श्रद्धालु अधिक संख्या में आयेंगे।

हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा, वर्ष 2014 में जब मंत्री प्रहलाद पटेल दमोह से पहली बार सांसद बने थे, तब उन्होंने हटा विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया था। इसी दौरान वे रुक्मणी मठ पहुंचे और वहां की जर्जर स्थिति को देखकर इसके सुधार का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री पटेल ने न केवल मठ के विकास कार्यों को पूरा किया, बल्कि सैकड़ों वर्षों से चोरी हो चुकी मूर्तियों की पुनः स्थापना के लिए भी निरंतर प्रयास किए। आज मठ में जो लोकार्पण कार्यक्रम हो रहा है, वह उन्हीं के संकल्प और कार्यों का परिणाम है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल ने कहा, मंदिर और आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 4 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस फंड से कई बुनियादी कार्य पूरे किए गए हैं, जिनमें स्कूल परिसर की बाउंड्री वॉल, मुक्तिधाम का निर्माण, जल निकासी के लिए नालियों का जाल, तथा मुख्य सड़क से मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए माँ रुक्मणी कुंड का निर्माण भी किया गया है, जिसकी गहराई लगभग 35 फीट बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस कुंड में जलधारा का प्रकट होना माँ गंगा की कृपा का प्रतीक है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, गोपाल पटेल, संजय यादव, भरत यादव, पं. नरेंद्र व्यास, जनपद अध्यक्ष मल्लो बाई, गंगाराम पटेल एवं प्रीति राजू ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष कमल रानी, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, रूपेश सेन, गोपाल पटेल, महेश पटेल, करन सिंह लोधी, बलवंत सिंह, नरेन्द्र बजाज, डॉ. अलोक गौस्वामी, राजेश पटेल, पं. गजेन्द्र पुरी महराज, आचार्य दीपक उपाध्याय, चंद्रकांत पौराणिक, पं. आशीष दत्त कटारे, राजेन्द्र पटेल, यशपाल सिंह ठाकुर, मनीष तंतुवाय, धर्मेन्द्र पटेल, अमर राजपूत, नर्मदा एकता सिंह, चित्तर बेनी नन्ना, बहादुर पटेल, मालती असाटी, चंद्रकुमार सराफ, नरेंद्र बजाज, शंकरलाल तंतुवाय, गौरव पटेल, रमाकांत बाजपेयी, नर्मदा राय, गनेश पटैल सांसद प्रतिनिधि, शंकर गौतम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम हटा ऋषिकेश विजय ठाकरे, सरपंच परषोत्तम कुशवाहा, सचिव नरेन्द्र उपाध्याय, सम्मानीय मीडियाजन, बड़ी संख्या में ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिक एवं श्रद्धालुगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन माधव पटेल ने किया। पटेरा तहसील के संदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश व जिले में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों एवं प्राचार्य शिक्षक को साथ ही राजाबंदी हाई स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक को अतिथियों ने सम्मानित किया। प्रारंभ में पं दीपक उपाध्याय ने मंत्रोच्चार कर दीप प्रज्जवलन कराया। अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया।

## ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आईपीएल क्रिकेट सट्टा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया गया। इसी तारतम्य में दिनाँक 17.04.26 को मुखबिर सूचना के आधार पर जबलपुर नाका दमोह मे रेड कार्यवाही की गयी जिसमें आरोपी सौरभ पिता सुरेन्द्र कुमार खरे उम्र 38 साल निवासी आदर्श स्कूल के पीछे जबलपुर नाका दमोह एवं वैभव जैन निवासी सिविल वार्ड नं 04 दमोह, शिवा राय उम्र 26 साल निवासी सिविल वार्ड नं 07 दमोह आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते हुए मिला जिनके कब्जे से एक रेडमी कपनी का मोबाईल कुल कीमती 13,720 रु., एक आईपीएल क्रिकेट की सट्टा पर्ची, राड पेन, 3000 रु. नगद, मोबाईल में आई.डी चला रहा था। मोबाईल में क्वाइन 3720 रुपये थे। एक सेमसंग कम्पनी का मोबाईल कीमती 9000 रु., क्वाईन 54926 कुल 63926 रु., एक एलईडी टीव्ही कीमती 30000 रु., जियो फायबर के दो बाक्स जिसमें एक छोटा एक बडा कीमती 1000 रु., एक सफेद रंग का बिजली बोर्ड कीमती 1000 रु., 5.5000 रु. नगद कुल एक लाख रुपये का मसरूका जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली में अप.क्र. 379/26 पंजीबद्ध किया गया। सराहनीय कार्य करने वालों में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली, प्र.आर. अभिषेक चौबे, प्र. आर. महेश यादव आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर. आकाश पाठक शामिल रहे।

## नागरिक करें स्व-गणना- कलेक्टर

**दमोह**। जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आमजन से कहा हैं जनगणना 2027 के अंतर्गत 1 मई से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा मकानों के सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। साथ ही शासन ने नागरिकों को 'स्व-गणना' (Self-Census) का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे डेटा अधिक सटीक रहेगा और प्रगणकों का समय भी बचेगा। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी अपनी स्व-गणना पूरी कर ली है और सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी स्व-गणना कर राष्ट्रहित में योगदान दें।

## डायल 112 की तत्परता से सड़क दुर्घटना में घायल पांच व्यक्तियों को समय पर उपचार मिला

**दमोह**। थाना कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत एक फोर व्हीलर वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना दिनांक 17-04-2026 को रात्रि लगभग 03:00 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही दमोह 112 कंट्रोल रूम में पदस्थ आरक्षक राम नरेश द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कुम्हारी में तैनात डायल-112 वाहन FRV-17 को मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 टीम मौके पर पहुंची, जहां एक फोर व्हीलर वाहन के पत्थर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने से जिला मैहर के 02 पुलिस स्टाफ सहित कुल 05 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल पाए गए। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 347 नितिन राजपूत एवं पायलट इकरार खान द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए सभी घायलों को तत्काल कुम्हारी अस्पताल पहुंचाया गया। डायल-112 की त्वरित कार्यवाही से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकी।

## अक्षय तृतीया पर जैन मिलन करेगा इक्षुरस का वितरण

**दमोह**। वरिष्ट शाखा के अतिवीर के पी जैन साब के सौजन्य से, शाखा अध्यक्ष वीर संजय डबुल्या जैन की अध्यक्षता में, निज निवास,वसुंधरा नगर में बैठक आयोजित हुई। सर्व प्रथम नवीन समिति द्वारा दीप दीपायन एवं महावीर प्रार्थना कर , शाखा मंत्री द्वारा पूर्व बैठक का वाचन, आज की बैठक के बिंदुओ से अवगत कराया, प्रथम बिंदु अक्षय तृतीया पर कार्यक्रम पर शाखा वरिष्ठ वीर पदम चंद जुझार, नेम कुमार सराफ जैन एवं वीर यू सी जैन साब, ललित जैन, मोती लाल गोयल एवं पदम चंद खली ने अपने अपने विचार एवं योजना प्रस्तुत की। अंत में वसुंधरा नगर एवं दमोह के बड़े बाबा श्री 1008 आदिनाथ, जिन मंदिर के पास इक्षू रस का दान कर इस दिवस को *दान दिवस* के रूप में मनाया जाय एवं समस्त रूप रेखा तैयार हुई। द्वितीय विंदु भारतीय जैन मिलन का स्थापना दिवस 2 मई को पूरी भव्यता से मनाए जाने पर सभी ने सुझाव रखे, जिसमें मिलन भावना एवं संविधान के अनुरूप अपने मुख्य उद्देश्यों की जानकारी प्रस्तुत हो सके तथा शीतल जल हेतु वाटर कूलर स्थापित किया जाना सुनिश्चित हुआ बैठक में पधारे जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई का स्वागत सम्मान किया गया। उन्होंने भी जैन मिलन के कार्यों की सराहना करते निरंतर सहयोग की भावना व्यक्त की। अतिवीर के पी जैन एवं उनके समस्त परिवार द्वारा अपनी मां आदरणीय सरस्वती जी के जीवन के 100 वर्ष (शतायु) पूर्ण होने



पर हर्षोल्लास पूर्वक सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान कर मां जी का अमृत महोत्सव मनाने पर, शाखा के सभी सदस्यों ने उनका एवं उनके परिवार एवं शतायु पूर्ण माता जी का पूरे मनोभाव से सम्मान किया। शाखा कोषाध्यक्ष वीर भरत जैन से शीघ्र ही केंद्रीय शुल्क भिजवाने एवं नवीन सदस्यों को शामिल करने का निर्णय लिया गया,अन्त वीर के सी जैन ने बैठक आयोजक एवं बैठक में उपस्थित सभी जन का आभार प्रकट कर अरिहंत वंदना के साथ बैठक संपन्न की गई।

## बनवार को मिला 83 लाख के विकास कार्यों का तोहफा, भूमिपूजन से बढ़ीं उम्मीदें



**बनवार**। ग्राम पंचायत बनवार में विकास कार्यों को लेकर एक अहम पहल की गई। शुक्रवार को यहां 83 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिससे गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि जबेरा और तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूरा कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र लाभ मिल सके। इस अवसर पर जनपद सीईओ डॉ. आर.पी. पटेल, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, मंडल अध्यक्ष रोहित जैन, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इन कार्यों के पूरा होने से गांव की मूलभूत सुविधाओं में सुधार आएगा और दैनिक जीवन की परेशानियां कम होंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## संकल्प संस्था की पहल, बाल विवाह रोकने बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह एवं महिला बाल विकास विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जनपद कार्यालय दमोह के सभागार में सन्निकट अक्षय तृतीया पर्व को दृष्टिगत रखते हुए धर्म गुरुओं , विभिन्न समाज प्रमुखों, सचिवों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों की एक गरिमामय बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, बाल कल्याण समिति सदस्य रश्मि वर्मा, डॉ. मोनिका पालीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता नीता मिश्रा, असाटी समाज अध्यक्ष कंचन असाटी, भागवताचार्य पंडित रवि शास्त्री, पंडित जागेश्वर तिवारी, काजी कुतुबुद्दीन खान, विश्वकर्मा समाज की प्रदेश अध्यक्ष एकता विश्वकर्मा आदि वक्ताओं ने बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण जैसी अनेक सामाजिक कुरीति एवं अपराध सहित बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यकर्ता सुजात खान ने ₹अब गाँव गाँव



और शहर शहर मे जाग रही है नारी₹ गीत का गायन कर अपनी थीम पर बात रखी। मंच संचालक सामाजिक कार्यकर्ता खुशबू तिवारी व्दारा संस्था की प्रगति एवं लक्ष्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संकल्प संस्था जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे ने जिले मे बाल अधिकारों एवं बाल अपराधों को रोकने किये गये संस्था के प्रयासों की जानकारी देते हुये सभी उपस्थितजनों से आगे आकर दमोह जिले को बाल हितैषी बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत मे बाल विवाह रोकने जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर व्दारा सामुहिक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग सहायक संचालक संजीव मिश्रा, अधिकारी अनन्तराम कुर्मी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विप्र समाज मीना पाठक, संजय शर्मा, जितेन्द्र जैन, स्वेता खरे, प्रतिभा ठाकुर,राकेश शर्मा, प्रहलाद रैकवार, राहुल जैन सहित बडी.संख्या में दमोह जनपद के सचिव मौजूद रहे।

## हटा के 171 कैडेट्स ढाना में ले रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

11 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी सागर का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 का आयोजन ढाना में किया जा रहा है जिसमें हटा की 171 कैडिट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उपरोक्त शिविर का ऑपनिंग एड्रेस मेन कैम्प कमांडेंट कर्नल दुष्यंत शर्मा के द्वारा एनसीसी कैडेटों का परिचय लिया गया और इस शिविर में लगभग 500 सीनियर डिवीजन/सीनियर विंग / जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कैडेट्स हिस्सा ले रहे है इस शिविर के दौरान आने वाले स्पोर्टस शूटिंग एवं टीएससी, आरडीसी कैम्पों की तैयारी करवाई जा रही है। सभी कैडेटों में बहुत ही हर्ष उल्लास, जोश और उत्सुकता है। इस शिविर में सभी कैडेटों की जिज्ञासा को पूरा करने के लिये कठिन से कठिन प्रशिक्षण दिया



जा रहा है जिसमें पीटी, योगा, ड्रिल, मैंप रीडिंग, फायरिंग के बारे में गहराई से जानकारी दी जा रही है। ड्रिल में सलामी शस्त्र, गार्ड माउंटिंग और राजपथ के लिये मार्चिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों को एनसीसी गतिविधियों के अलावा खेलकूद के बाद व्यक्तिगत साफ-सफाई और नैतिक एवं प्रेरणादायक विषयों के बारे में व्याख्यान दिया जा रहा है।इस संयुक्त वार्षिक शिविर मे हटा से सांदीपनी स्कूल के 88,एम एल बी स्कूल से 43 गर्ल्स केडेट्स एवं मॉडल स्कूल हटा के 40 एनसीसी केडेट्स भाग ले रहे है I जिसमे एनसीसी ऑफिसर सत्येंद्र सिंह राजपूत, पी एन खेमरिया, सीटीओ दुर्गा, रामकिशुन कुर्मी केम्प में केडेट्स के साथ सहभागिता कर रहे है।